कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा -प्रथम) म.प्र.
ऑडिट भवन,झाँसी रोड, ग्वालियर

क्रमांक/प्रशासन/राजभाषा/नराकास/जावक - 17/H 233 दिनांक 03.05.2023

प्रति,

कार्यालयाध्यक्ष
सदस्य कार्यालय, (सूची अनुसार)
नराकास, ग्वालियर

विषय- नराकास, ग्वालियर के वार्षिक कार्यक्रम वर्ष 2023 के अंतर्गत "काव्य-पाठ प्रतियोगिता" का कार्यवृत्त ।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयांतर्गत नराकास, ग्वालियर के वार्षिक कार्यक्रम वर्ष 2023 के अंतर्गत दिनांक 27.04.2023 को "काव्य-पाठ प्रतियोगिता" का आयोजन कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा - प्रथम) मध्य प्रदेश, ग्वालियर के पंचम तल स्थित सभा कक्ष में किया गया । "काव्य-पाठ प्रतियोगिता" समारोह में कुल 10 कार्यालयों से 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती स्वर्णलता गुप्ता, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी, हिंदी कक्ष द्वारा किया गया । "काव्य-पाठ प्रतियोगिता" में तीन विजेता यथा प्रथम - श्री नितिन कुमार, स्टेशन शिक्षा अनुभाग, वायुसेना स्टेशन, महाराजपुरा, ग्वालियर द्वितीय - श्रीमती उमा उपाध्याय, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक - 03, ग्वालियर एवं तृतीय - श्रीमती वैभवी पटवर्धन, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक - 01 ग्वालियर चुने गए । विजेताओं का निर्धारण उप समिति द्वारा किया गया ।

विजेताओं को माननीय प्रधान महालेखाकार महोदय के अनुमोदन अनुसार नराकास, ग्वालियर 2023 की दूसरी अर्धवार्षिक बैठक में पुरस्कृत किया जायेगा ।

(सचिव, नराकास के अनुमोदन से जारी)

भवदीय,

Rashmi 3/5/23

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी
हिंदी कक्ष